## प्रादेशिक समाचार

### दिनांक– 14.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्र आज भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 134 वीं जयंती पर अर्पित कर रहा श्रद्धांजलि, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया नमन।

- केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने डॉ अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि, कहा– बाबा साहेब की नीतियों को आत्मसात कर काम कर रही केन्द्र सरकार, प्रदेश कांग्रेस ने रांची में बनाई मानव श्रृंखला।

- हजारीबाग के बरकट्ठा में हिंसक झड़प के बाद अब स्थिति सामान्य, प्रशासन ने लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की।

- राज्य में आज से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन, लोगों को आग की विभीषका के प्रति जागरूक करना उद्देश्य ।

- और झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा संपन्न, आरके आनंद जेओए के अध्यक्ष, डॉक्टर मधुकांत पाठक महासचिव बने।

***************

राष्ट्र आज भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केन्द्रीय मंत्रियों और संसद सदस्यों तथा आम लोगों ने आज संसद भवन परिसर में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित की।

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की सोशल मीडिया पोस्ट में राज्यपाल ने कहा कि उनका जीवन हमें आत्म–सम्मान, शिक्षा और सामाजिक न्याय के लिए सतत संघर्ष की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के डोरंडा स्थित अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की । उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार उनकी नीतियों को आत्मसात कर काम कर रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने धनबाद स्थित अम्बेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रध्दांजलि अर्पित की। वहीं मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

***************

झारखंड कांग्रेस ने बाबा साहेब की जयंती पर रांची में मानव श्रृंखला बनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंबेडकर चौक से लेकर राजेन्द्र चौक तक मानव श्रृंखला बनाई। इस में पार्टी के प्रदेश प्रभारी के राजू , प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ प्रदेश कांग्रेस के मंत्री, विधायक समेत कई नेता शामिल हुए।

***************

राज्य भर में बाबा साहेब की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हजारीबाग में उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

***************

खूंटी जिले के कुंजला ग्राम में विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्यता सम्मेलन में भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियां बताई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में सेना का मनोबल भी ऊंचा हुआ है और भारत तेजी से विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर है।

***************

हजारीबाग के बरकट्ठा के झुरझूरी में यज्ञ आयोजन के दौरान हिंसक झड़प के बाद स्थिति सामान्य है । उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि बीती रात किसी बात को लेकर दो गुटों में झड़प हो गई थी लेकिन अब स्थिति सामान्य हो गई है ।

पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से व्यापक इंतजाम किए गए है। उपद्रवियों द्वारा किए पथराव और आगजनी मामले में एफआईआर करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

***************

जमशेदपुर एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर शहर के सभी थाना क्षेत्र में पुलिस काबिंग ऑपरेशन चल रही है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि इस ऑपरेशन में आर्म्स एक्ट के अपराधी गिरफ्तार किए जाएंगे। पुलिस अड्डे बाजी के स्थलों पर भी छापामारी कर रही है।

***************

चतरा जिले में किसान क्रेडिट कार्ड वितरण की स्तिथि संतोषजनक नहीं है। अधिक जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

***************

झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा रांची में सम्पन्न हुई जिसमें आरके आनंद जेओए के अध्यक्ष, डॉक्टर मधुकांत पाठक महासचिव और शिवेंद्र नाथ दुबे कोषाध्यक्ष चुने गए । इस बैठक में ओलम्पिक एसोसिएशन का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया और भविष्य के कार्यक्रमों की रूप रेखा पर चर्चा की गयी।

***************

पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा में भी अब सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों के चिकित्सकों की सुविधा उपलब्ध होगी। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

***************

झारखंड अग्निशमन सेवा की ओर से राज्य की जनता को आग की विभीषिका के प्रति जागरूक करने के लिए आज से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष की थीम – एक हो, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्ज्वलित करें, निर्धारित की गई है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अग्निशमन सेवा में शहीद कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और सेवारत कर्मियों के मंगल जीवन की कामना की।

***************

अब खबर सर्राफा बाजार से–

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोना का भाव 87 हजार तीन सौ पचास रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 2 हजार रुपये प्रति किलो है।

***************

संक्षिप्त खबरें

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची के तपोवन मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। इसके तहत राम जानकी मंदिर के नये भवन का निर्माण किया जाएगा।
- हजारीबाग के बरही अंचल निरीक्षक भवन परिसर में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने महिला एवं बाल संरक्षण थाना का उद्घाटन किया। इस दौरान एसपी ने उपस्थित लोगों को सोशल पुलिसिंग का महत्व समझाया।
- मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों के लिए अगले दो दिनों के लिए ऑरेंज और येलो एलर्ट जारी किया है। चतरा कृषि विज्ञान केंद्र के अनुसार कल मौसम का मिजाज बदला रह सकता है।

*********समाप्त*************